हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 16 अप्रैल 2026

04 माध्यमिक शिक्षा मंडल ने घोषित किया 10वीं और...



07 कलेक्टर ने किसानों व हम्मालों की परेशानी...





### 15 दिन में दूसरी हत्या की वारदात से दहशत का माहौल

# सूरजगंज में मजदूर की आंखों में मिर्च झोंककर सीने में उतारा चाकू

शहर में लगातार 15 दिन में दूसरी हत्या ने सनसनी और दहशत फैला दी है। मामूली विवादों में चाकू की उपलब्धता से होने वाला खूनी संघर्ष रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को हुई हत्या की वारदात शहर वासियों को असुरक्षित महसूस करने पर मजबूर कर रही है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

शहर के सूरजगंज क्षेत्र में बुधवार की शाम सनसनी फैल गई, जब मामूली विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। बस डिपो के पास रहने वाले एक मजदूर की उसके पड़ोसियों ने आंखों में मिर्च झोंककर और चाकू से गोदकर बेरहमी से हत्या कर दी।

घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए हैं, जबकि मृतक के परिजनों ने आरोपियों के घर ढहाने और फांसी की मांग को लेकर हंगामा किया।

### आंखों में डाली मिर्च, फिर किए ताबड़तोड़ वार



जानकारी के अनुसार, मृतक भीम चौधरी (35) और आरोपी पक्ष आमने-सामने रहते थे। विवाद की जड़ सड़क किनारे बना एक अस्थायी शौचालय था, जिसे भीम ने आरोपी के घर के पीछे बनाया था। बुधवार दोपहर करीब 4:00 बजे इसी बात पर कहासुनी हुई। देखते ही देखते आरोपी नरेंद्र, शैलेंद्र और उनके दो अन्य साथियों ने भीम को घेर लिया। प्रत्यक्षदर्शी भतीजी ज्योति चौधरी ने बताया कि आरोपियों ने पहले चाचा भीम की आंखों में लाल मिर्च का पाउडर झोंक दिया ताकि वह बचाव न कर सकें। इसके बाद उन पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। सीने और जांघ पर हुए गहरे घावों के कारण भीम लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े।

परिजन घायल अवस्था में भीम को तुरंत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी शासकीय अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। ड्यूटी डॉक्टर हेमंत यादव ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर के अनुसार, शरीर से अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण भीम की मौत हुई है। थाना प्रभारी गौरव बुंदेला ने बताया कि पुरानी रंजिश और शौचालय विवाद में हत्या का मामला सामने आया है। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें रवाना कर दी गई हैं, जल्द ही वे पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

### साक्ष्य मिटाने का आरोप परिजनों में आक्रोश

घटनास्थल पर टूटे हुए शौचालय के पास मिर्च पाउडर और खून के बिखरे निशान मिले हैं। मृतक की बहन मल्टी बांधने और परिजनों का आरोप है कि वारदात के बाद आरोपियों के परिवार ने पानी डालकर खून साफ करने और साक्ष्य मिटाने की कोशिश की। परिजनों ने चेतावनी दी है कि जब तक आरोपियों के घरों पर बुलडोजर नहीं चलेगा और उन्हें सख्त सजा नहीं मिलेगी, वे शांत नहीं बैठेंगे।

### इटारसी में बेलगाम होते 'चाकूबाज'

शहर में इन दिनों अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि मामूली विवादों में भी लोग सीधे चाकुओं का इस्तेमाल कर रहे हैं। गौरतलब है कि इसी माह अप्रैल की शुरुआत में 12 बंगला क्षेत्र में एक भांजे ने अपने ही मामा की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी थी। शहर में आसानी से उपलब्ध हो रहे अवैध चाकुओं और पुलिस के खौफ की कमी के चलते आम आदमी अब खुद को असुरक्षित महसूस करने लगा है।

### राठौड़ मित्र मंडल ने की मां नर्मदा की महाआरती

**नर्मदापुरम।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के नव नियुक्त प्रदेश आईटी सह प्रभारी कुंवर धर्मेंद्र सिंह राठौड़ मित्र मंडल द्वारा बुधवार को मां नर्मदा की महाआरती का आयोजन किया गया। राठौड़ मित्र मंडल के साथ रैली की शक्ल में नर्मदा घाट पहुंचे और मां नर्मदा की महाआरती की। राठौड़ ने बताया कि नर्मदापुरम जिले से मप्र भाजपा में प्रदेश प्रवक्ता पद पर राजेंद्र सिंह ठाकुर और युवा मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी में उन्हें दायित्व दिए जाने पर प्रदेश पदाधिकारी और शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए नव दायित्व के निर्वहन के पूर्व आराध्य मां नर्मदा की महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत, भाजयुमो जिलाध्यक्ष दीपक महालहा, मंडल अध्यक्ष सुंदरम अग्रवाल सहित जिले के वरिष्ठ नेताओं सहित आम नागरिकों ने महाआरती में अपनी उपस्थिति देकर मां नर्मदा का आशीवार्द प्राप्त किया।

मुख्यमंत्री का सिवनी मालवा दौरा

# मुख्यमंत्री का दौरा क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा : विधायक प्रेमशंकर वर्मा

### 972 करोड़ की सड़क सहित 1000 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी मालवा

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव गुरुवार को दोपहर 1 बजे सिवनी मालवा पहुंचेंगे और लगभग 4: 30 बजे तक सिवनी मालवा में रहेंगे। सिवनी मालवा में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र को विकास की बड़ी सौगात देंगे। इस दौरान नर्मदापुरम-टिमरनी मार्ग (राज्य राजमार्ग-67) के 972.16 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले उन्नयन एवं पुनर्निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया जाएगा। लगभग 72.18 किलोमीटर लंबाई वाले इस मार्ग के निर्माण से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

#### सीएम करेंगे पूजन

मुख्यमंत्री कार्यक्रम की शुरुआत दक्षिणामुखी हनुमान मंदिर में पूजन-अर्चन से करेंगे, जिसके बाद हनुमान मंदिर से पुराने बस स्टैंड तक भव्य रोड शो निकाला जाएगा। यह रोड शो रेंज ऑफिस चौराहा,



कल्लू चौक, नर्मदा मंदिर चौक, सराफा बाजार, गांधी चौक और जय स्तंभ चौक से होते हुए गुजरेगा, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों की सहभागिता रहेगी।

कृषि उपज मंडी में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री 106.34 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन करेंगे। इसमें 48.65 करोड़ के 45 कार्यों का लोकार्पण तथा 57.69 करोड़ के 51 कार्यों का भूमि पूजन शामिल है। साथ ही विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हित लाभ वितरण एवं चेक राशि प्रदान की जाएगी।

#### जनसंपर्क अभियान जारी

इस ऐतिहासिक दौरे को लेकर क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। नगर के वार्डों में जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ताओं और महिला मोर्चा द्वारा घर-घर जाकर पीले चावल देकर नागरिकों को आमंत्रित किया जा रहा है, जिससे कार्यक्रम को लेकर उत्साह का माहौल है। क्षेत्रीय विकास को नई दिशा देने में प्रेमशंकर वर्मा की सक्रिय भूमिका रही उनके प्रयासों से सिवनी मालवा को सड़क, सिंचाई, उद्योग, शिक्षा और विद्युत जैसे विभिन्न क्षेत्रों में नई सौगात मिलने की संभावना है। विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री का यह दौरा क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा और करोड़ों रुपए के कार्यों से नगर की तस्वीर बदलेगी। वहीं विधायक वर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन के नेतृत्व में नगर में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं, जिनमें साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, सड़क सुधार एवं सजावट जैसे कार्य युद्धस्तर पर किए जा रहे हैं, ताकि मुख्यमंत्री के स्वागत में कोई कमी न रहे।

#### महत्वपूर्ण है दौरा

यह दौरा न केवल विकास कार्यों की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि सिवनी मालवा को प्रदेश के अग्रणी नगरों की श्रेणी में स्थापित करने की दिशा में एक निर्णायक कदम भी साबित होगा।






## खबर संक्षेप

### धूमधाम से मनाया जाएगा भगवान परशुराम जी का प्रकटोत्सव

**बैतूल।** बैतूल सनातन समाज बैतूल की बैठक परशुराम मंदिर बडोरा बैतूल में संपन्न हुई। जिसमें ब्राह्मण समाज के आराध्य भगवान परशुराम जी प्रकट उत्सव 19 अप्रैल, रविवार को धूमधाम से मनाने पर विचार-विमर्श किए गए। सनातन ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सुभाष पांडे ने बताया कि 19 अप्रैल को बडोरा मंदिर में सुबह 8 बजे से अभिषेक, हवन-पूजन, दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक और प्रसादी वितरण शाम 6 बजे से किया जाएगा। उत्सव को लेकर लेकर जिम्मेदारियों भी सौंपी जा रही हैं। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष महेंद्र दीक्षित, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल मिश्र, उपाध्यक्ष राजेश अवस्थी, अनिल दुबे, एस.पाटिल, श्रीमती साक्षी शर्मा, संगीता अवस्थी, आरती अवस्थी नीलम दुबे, मीनाक्षी शुक्ला, श्रीमती पाटिल आदि स्वजातीय बंधु मौजूद थे।

### युवा संगम के तहत जिला स्तरीय रोजगार मेला 16 अप्रैल को

**बैतूल।** रोजगार कार्यालय, आईटीआई, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में युवा संगम के तहत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप रोजगार मेले का आयोजन 16 अप्रैल को प्रातः 11 से 4 बजे तक महात्मा गांधी महाविद्यालय परिसर आठनेर में किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी श्री श्याम कुमार धुर्वे ने बताया कि रोजगार मेले में कंपनियों के द्वारा विभिन्न पदों पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में वोल्वो आयशर बंगरसिया भोपाल में अप्रेंटिस के 50 पदों के लिए योग्यता 12वीं आईटीआई डिप्लोमा होना अनिवार्य है। टाटा मोटर्स, एमआरएफ, फॉक्सकोन, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, आईफोन अहमदाबाद में प्रशिक्षु, ऑपरेटर के 100 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा, डिग्री, व रिया सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड पीथमपुर में मशीन ऑपरेटर, ट्रेनी के 50 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा होना आवश्यक है। इसके अलावा ट्राईटेंट प्रा. लि. बुदनी और वर्धमान फैब्रिक प्राइवेट लिमिटेड बुदनी में मशीन ऑपरेटर के 100 पदों के लिए, कुलोदय टेक्नोपार्क प्राइवेट लिमिटेड दमन गुजरात में मशीन ऑपरेटर, हेल्पर के 100 पदों के लिए योग्यता 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई होना अनिवार्य है। शक्ति मोटर्स मुलतापी प्राइवेट लिमिटेड मुलताई में सेल्स एग्जीक्यूटिव, सेल्स मैनेजर, मैकेनिक के 25 पदों के लिए योग्यता 8वीं से स्नातकोत्तर, आईटीआई, डिप्लोमा तथा कृषि धान बायो केयर प्राइवेट लिमिटेड इंदौर में सेल्स एग्जीक्यूटिव, फील्ड ऑफिसर के 50 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक एमबीए होना आवश्यक है। इसी प्रकार जेके बायो एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड भोपाल में सेल्स एग्जीक्यूटिव, फील्ड ऑफिसर के 20 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक तथा भारतीय जीवन बीमा निगम लिमिटेड बैतूल में ग्रामीण बीमा अभिकर्ता, बीमा सखी के 50 पदों के लिए योग्यता 12वीं, स्नातक होना अनिवार्य है।

---

10वीं का एक प्रतिशत कम, वहीं 12वीं का 5 प्रतिशत बढ़ा परीक्षा परिणाम

# माध्यमिक शिक्षा मंडल ने घोषित किया 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम

## प्रदेश की प्रावीण्य सूची में 10वीं के 5 विद्यार्थी व 12वीं में एक छात्रा है शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। इसमें कक्षा 10वीं में जहां जिले के पांच विद्यार्थीयों ने प्रदेश प्रावीण्य सूची में अपना नाम दर्ज कराकर जिले का नाम रोशन किया है, वहीं कक्षा 12वीं में चिचोली की विज्ञान-गणित संकाय की छात्रा रूतुजा पिता आशीष देशपांडे ने 486 अंक लेकर प्रदेश की टॉपटेन सूची में 7वां स्थान हासिल किया। बुधवार सुबह करीब 11 बजे माध्यमिक शिक्षा मंडल ने परीक्षा परिणाम घोषित किया। परीक्षा परिणाम आने की जानकारी लगते ही विद्यार्थियों के दिल की धडक़ने तेज हो गई। हालांकि इस बार जिले में कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 79.70 प्रतिशत रहा। इस साल कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में पिछले वर्ष की तुलना में एक प्रतिशत की कमी आई, वहीं कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में 5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 74.01 प्रतिशत रहा, जबकि पिछले साल 12वीं का परीक्षा परिणाम 69.46 प्रतिशत था।



### उत्कृष्ट स्कूल के चार और आमला की एक छात्रा प्रदेश प्रावीण्य सूची में शामिल

शहर के प्रतिष्ठित उत्कृष्ट विद्यालय ने फिर प्रदेश के साथ जिले की सूची में जगह बनाई है। उत्कृष्ट विद्यालय की कक्षा 10वीं के 4 विद्यार्थियों ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में जगह बनाई। इसमें कक्षा 10वीं के गुंजन देशमुख पिता सुनील देशमुख ने 495 अंक हासिल कर प्रदेश में पांचवां स्थान हासिल किया। वहीं आमला यूनिवर्सल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की छात्रा उदिता पिता गिरधारी पंवार ने 492 अंक लेकर प्रदेश में आठवां स्थान पाया। इसके अलावा प्रदेश की प्रावीण्य सूची में जिले के उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र शिवम पिता हेमराज खोडक़े ने 492 अंक लेकर 9वां स्थान, चंद्रशेखर पिता नारायण हुरमाड़े ने 490 अंक एवं पीयू राठौड़ पिता बलराम राठौड़ ने भी 490 अंक हासिल करके प्रावीण्य सूची में 10वां स्थान हासिल किया।

### 12वीं में रूतुजा को 7वां स्थान

कक्षा 12वीं में जिले के चिचोली क्षेत्र के महर्षि दयानंद इंग्लिश स्कूल की कक्षा 12वीं की छात्रा ऋतुजा देशपांडे पिता आशीष देशपांडे विज्ञान-गणित संकाय में 486 अंक लेकर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में 7वां स्थान हासिल किया। बताया जा रहा है कि छात्रा के पिता आशीष देशपांडे पेशे से किसान हैं, जबकि माता माधुरी देशपांडे उसी स्कूल में वाइस प्रिंसिपल हैं। ऋतुजा ने भी यह सफलता सेल्फ स्टडी के दम पर प्राप्त की है और वे आगे चलकर इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहती हैं।

### 10वीं-12वीं में शामिल हुए थे 33701 विद्यार्थी

जिले से इस साल कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं में नियमित और स्वाध्यायी विद्यार्थियों को मिलाकर 33702 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए थे। डीईओ भूपेंद्र वरकड़े ने बताया कि कक्षा 10वीं में कुल 19337 विद्यार्थी शामिल हुए। इसमें 16204 विद्यार्थी नियमित एवं 3133 स्वाध्यायी विद्यार्थी है। जबकि 9296 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। वहीं कक्षा 12वीं में कुल 14364 विद्यार्थी शामिल हुए। इसमें 12159 नियमित विद्यार्थी और 2205 स्वाध्यायी विद्यार्थी है एवं 6683 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है।

### पिछले आठ साल का जिले का परीक्षा परिणाम

(प्राप्त जानकारी के अनुसार)

| वर्ष | 10वीं | 12वीं |
|---|---|---|
| 2017-18 | 73.53 | 71.81 |
| 2018-19 | 72.45 | 79.18 |
| 2019-20 | 66.00 | 80.64 |
| 2020-21 | कोरोना काल | |
| 2021-22 | 56.63 | 62.35 |
| 2022-23 | 62.52 | 50.81 |
| 2023-24 | 64.38 | 68.23 |
| 2024-25 | 80.84 | 69.55 |
| 2025-26 | 79.70 | 74.01 |

### इनका कहना है -

इस साल कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में एक प्रतिशत की कमी और कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम में 5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 10वीं में जिले के 5 और कक्षा 12वीं की एक छात्रा प्रदेश की टापटेन सूची में शामिल हुई है। इस साल कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 79.70 और 12वीं का 74.01 प्रतिशत रहा है।

- भूपेंद्र वरकड़े, जिला शिक्षा अधिकारी, बैतूल

## हाईस्कूल में 98 प्रतिशत, तो 12वीं में 100 प्रतिशत रहा रिजल्ट

### सांदीपनि विद्यालय घोड़ाडोंगरी के छात्रों का वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बैतूल।** घोड़ाडोंगरी विकासखंड के सांदीपनि विद्यालय में कक्षा दसवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम 97.78 प्रतिशत रहा है। कक्षा दसवीं में अनुराग तुमराम ने 92 प्रतिशत लेकर प्रथम स्थान, तो प्रियांशी उईके ने 90.47 प्रतिशत लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में 90 विद्यार्थियों में 88 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिनमें 71 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। हायर सेकेंडरी कक्षा 12वीं के सभी संकायों (कला, जीवविज्ञान व गणित) का वार्षिक परीक्षाफल 100 प्रतिशत रहा। जिसमें खुशी विश्वकर्मा ने 90.8 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुल 68 में से 58 विद्यार्थी, प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के प्राचार्य विवेक तिवारी एवं समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों व पालकों को शुभकामना प्रेषित की।










---

भौंरा व सालीमेट के विद्यालयों का शानदार प्रदर्शन

## 10वीं-12वीं में बेहतर परिणाम के साथ शत-प्रतिशत सफलता




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा

क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थानों ने सत्र 2025-26 के परीक्षा परिणामों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भौंरा एवं शासकीय हाई स्कूल सालीमेट, दोनों ही विद्यालयों के परिणाम उत्साहजनक रहे हैं। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भौंरा में कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 96 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं का 83 प्रतिशत दर्ज किया गया। कक्षा 12वीं में गणित संकाय से कु. दिशा सोनी एवं गृह विज्ञान संकाय से ज्योति कहर ने 445-445 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 10वीं में रीतम्भ्रा ने 92 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में शीर्ष स्थान हासिल किया। प्राचार्य डॉ. सुरेश कुमार कटारे ने सभी सफल छात्राओं को बधाई देते हुए असफल छात्राओं को मई माह में आयोजित होने वाली द्वितीय अवसर परीक्षा की तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। वहीं विकासखंड शाहपुर अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल सालीमेट ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज किया। विद्यालय में पंजीकृत 18 विद्यार्थियों में से 17 परीक्षा में सम्मिलित हुए और सभी 17 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विशेष बात यह रही कि विद्यालय ने लगातार दूसरे वर्ष 100 प्रतिशत परिणाम का रिकॉर्ड कायम रखा है।

### भारत रत्न डॉ. आंबेडकर की जयंती का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भीमराव रामराव अंबेडकर शिक्षा महाविद्यालय बैतूल में संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के 136 वें जन्मदिवस के अवसर पर जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के संचालक महोदय इंजी. धुरव प्रकाश अग्रवाल की उपस्थिति में कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। संचालक ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर जी के जीवन, दर्शन एवं विचारो से प्रेरणा मिलती है। उनका जीवन एक किताब है युवाओ को उनके जीवन से प्रेरणा लेना चाहिए। वें भारत के महान विचारक एवं दार्शनिक थे। वरिष्ठ व्याख्याता



सुनिल वर्मा ने कहाँ बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर जी ऐसे समाज को आदर्श मानते थे जो स्वंतत्रता, समानता और भाईचारे पर आधारित हो। प्राचार्य डॉ. देशमुख ने कहा कि बाबा साहब ने युवाओ के लिए मूलमंत्र शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो को अपने जीवन में पालन करना चाहिऐ। मनुष्य को बुद्धि का विकास मानव के अस्तित्व का अंतिम लक्ष्य होना चाहिए।

---

पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर हासिल की उपलब्धि

## राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में केंद्रीय विद्यालय के छात्रों का परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारणी

केंद्रीय विद्यालय सारणी के लिए यह अत्यंत गर्व और खुशी का विषय है कि विद्यालय के दो मेधावी छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में भाग लेकर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। खास बात यह रही कि विद्यालय से पहली बार किसी छात्र ने राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया। विद्यालय के छात्र रेहल मालवीय ने बायोमास पेलेट विषय पर तथा निशांत वर्मा ने होम ऑटोमेशन विषय पर अपने अभिनव वैज्ञानिक मॉडल प्रस्तुत किए। दोनों छात्रों के प्रोजेक्ट्स को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली और उन्होंने




अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय एवं क्षेत्र की प्रतिष्ठा में वृद्धि की। दोनों प्रतिभागी शिक्षक आशुतोष तिवारी के मार्गदर्शन में 8 से 10 अप्रैल तक पुणे में आयोजित इस राष्ट्रीय प्रदर्शनी में शामिल हुए, जहाँ देशभर से आए प्रतिभागियों के बीच उन्होंने आत्मविश्वास और नवाचार का शानदार परिचय दिया।

## कलेक्टर का मैदानी दौरा, किसानों को दिए आय बढ़ाने के सुझाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

नवागत कलेक्टर डॉ.सौरभ संजय सोनवणे ने पदभार ग्रहण करने के बाद बुधवार को जिले का पहला मैदानी दौरा किया। इस दौरान वे ग्राम ढोंडवाड़ा पहुंचे, जहां उन्होंने किसान शुभम पंडाग्रे और भूषण सावले से चर्चा कर गन्ना फसल की प्रति हेक्टेयर लागत, उत्पादन एवं विक्रय की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर डॉ सोनवणे ने किसानों को पारंपरिक खेती के साथ-साथ मत्स्य पालन, उद्यानिकी एवं अन्य कृषि आधारित गतिविधियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विविध कृषि गतिविधियों को अपनाकर किसान अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं और खेती को लाभ का व्यवसाय बना सकते हैं।

मोक्षधाम से आरोपी गिरफ्तार, लोहे के पाइप से पीटा था

## मां की हत्या कर अंतिम संस्कार करने ले गया बेटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

आमला थाना क्षेत्र में बेटे ने अपनी मां की हत्या कर अंतिम संस्कार का प्रयास किया। पुलिस ने आरोपी को मोक्षधाम से गिरफ्तार किया और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार मंगलवार 14 अप्रैल को अंजनी उबनारे, निवासी सौंसर (जिला पांढुर्णा) ने डायल 112 पर सूचना दी कि उसकी बहन शकुंतला गुजरे (62), निवासी बोडखी की शव यात्रा निकाली जा रही है। उन्होंने बताया कि शव पर चोट के निशान हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई गई। सूचना मिलते ही आमला पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आमला में पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शकुंतला गुजरे की मौत का कारण खून बहना



बताया गया। इसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की और महिला के बेटे दीपांशु गुजरे को आरोपी बनाया। आरोपी के खिलाफ हत्या के मामले में 121/26 और धारा 103(1) बीएनएस के तहत प्रकरण किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने बोडखी निवासी आरोपी दीपांशु गुजरे (32) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दीपांशु ने बताया कि वह शराब का आदी है और पहले भोपाल के नशा मुक्ति केंद्र में भी रह चुका है। करीब एक महीने पहले आमला लौटने के बाद वह अपनी मां से शराब के लिए पैसे मांगता था। घटना वाले दिन मां द्वारा पैसे देने से इनकार करने पर दीपांशु ने लोहे के पाइप और चप्पल से अपनी मां के साथ मारपीट की, जिससे उनकी मौत हो गई। हत्या के बाद आरोपी ने खून के निशान पानी से साफ कर साक्ष्य मिटाने की कोशिश की।

---

बच्चों से संवाद कर कलेक्टर ने परखी हकीकत, व्यवस्था में सुधार के दिए निर्देश

भीमपुर में बालक छात्रावास, लोक सेवा केंद्र और सहकारी समिति का निरीक्षण

## मेन्यू के अनुसार भोजन न मिलने पर कलेक्टर डॉ सोनवणे ने बीईओ और वार्डन को नोटिस देने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने बुधवार को भीमपुर क्षेत्र का सघन भ्रमण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बालक छात्रावास भीमपुर का बारीकी से निरीक्षण किया और व्यवस्था में पाई गई कमियों पर नाराजगी जताई। छात्रावास निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने प्राचार्य से गणवेश वितरण, पाठ्य पुस्तक वितरण एवं छात्रों की दर्ज संख्या की जानकारी ली। मेस का निरीक्षण करते हुए उन्होंने पाया कि निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन व्यवस्था संचालित नहीं हो रही है। इस पर उन्होंने विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं छात्रावास वार्डन को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ.सोनवणे एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षत जैन ने छात्रावास के बच्चों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने बच्चों से भोजन, नाश्ता एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी ली और गणित के सामान्य प्रश्न पूछकर शैक्षणिक गुणवत्ता का भी आकलन किया। इस दौरान यह भी सामने आया कि छात्र पुरानी पाठ्य पुस्तकों से अध्ययन कर रहे हैं, जिस पर कलेक्टर ने पाठ्य पुस्तक वितरण में लापरवाही पर स्पष्टीकरण लेने के



निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि छात्रावास का संचालन सुव्यवस्थित ढंग से किया जाए, बच्चों को समय पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए तथा खेल-कूद एवं अन्य गतिविधियों का नियमित संचालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही स्मार्ट क्लासेस शुरू करने के भी निर्देश दिए।

### लोकसेवा केंद्र का निरीक्षण प्रबंधक को नोटिस

जनपद पंचायत कार्यालय भीमपुर स्थित लोकसेवा केंद्र के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ सोनवणे ने प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने सभी सेवाओं के निर्धारित शुल्क का स्पष्ट प्रदर्शन करने तथा आवेदकों से अतिरिक्त राशि न लेने के निर्देश दिए। केंद्र में शौचालय एवं भवन का रखरखाव संतोषजनक न पाए जाने पर प्रबंधक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही केंद्र तक सुगम पहुंच के लिए पेवर ब्लॉक लगाने के निर्देश भी दिए।

### ई-टोकन से ही होगा खाद वितरण

प्राथमिक कृषि सहकारी समिति भीमपुर के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने खाद की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि किसानों को खाद का वितरण केवल ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से ही किया जाए तथा बायोमेट्रिक सत्यापन में आने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम अजीत मरावी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## करंट से झुलसा लंगूर वन विहार रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

आठनेर में बुधवार को बिजली के पोल पर बैठा एक बंदर करंट लगने से बुरी तरह झुलस गया। घटना के बाद स्थानीय युवकों ने उसे बचाने के लिए अपनी निजी स्कार्पियो से 35 किलोमीटर दूर बैतूल पशु चिकित्सालय पहुंचाया। बंदर की गंभीर हालत को देखते हुए उसे आगे के उपचार के लिए वन विहार रेफर किया गया है।

वहीं, इलाज में देरी होने पर युवकों ने सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई है। बैतूल में पशु चिकित्सक डॉ. मृदुला सिन्हा ने बंदर का परीक्षण किया और वन विभाग को सूचना दी। जांच में सामने आया कि बंदर के बाएं हाथ की कलाई पूरी तरह झुलस गई है और हड्डियां भी टूट गई हैं। इसके अलावा पेट का बड़ा हिस्सा भी बुरी तरह जल गया है। सूचना मिलने के बाद वन विभाग के वनरक्षक अविनाश मौके पर



पहुंचे। बंदर की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे इलाज के लिए वन विहार रेफर कर दिया गया है। दरअसल आठनेर में अम्मा जी दरगाह के पास शॉर्ट सर्किट से झुलसकर बंदर नीचे गिर पड़ा था। फल व्यवसायी दुर्गा तायवाड़े ने उसे गिरते देखा तो उठाकर दरगाह ले आए। इसके बाद सुनील सोनकर, लोकेश सोनी, चंदन वाघमारे और राजेश उसे आठनेर के पशु चिकित्सालय ले गए। वहां 2 इंजेक्शन लगाने के बाद उसे बैतूल रेफर कर दिया गया।

**खबर संक्षेप**

## सोहागपुर में जनगणना 2027 प्रशिक्षण का किया आयोजन



**सोहागपुर।** सोहागपुर में जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार से शुरू किया गया है। जिसमें एसडीएम प्रियंका भलावी ने सभी को कार्यक्रम बावत अनिवार्य जानकारी दी है। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस के प्रथम सत्र में 150 प्रशिक्षणार्थियों को तीन कक्षों में व्यवस्थित रूप से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्य के लिये कुल छह फील्ड ट्रेनर्स की नियुक्ति की गई थी। जिनके द्वारा प्रत्येक कक्ष में दो-दो ट्रेनर्स के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रशिक्षणार्थियों को जनगणना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी एवं कार्यप्रणाली विस्तार से समझाई गई है। इस दौरान प्रशिक्षण स्थल पर एसडीएम प्रियंका भलावी, तहसीलदार रामकिशोर झरबड़े एवं चार्ज जनगणना अधिकारी भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने प्रशिक्षण व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित की। अमित मिश्रा ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ, जिससे आगामी जनगणना कार्यों के सुचारू संचालन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

गेहूं उपार्जन कार्यों के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने दिखाया संवेदनशील रवैया

# कलेक्टर ने किसानों व हम्मालों की परेशानी को सुन किया मौके पर हल

**कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बुधवार को सिवनी मालवा विकासखंड अंतर्गत गेहूं उपार्जन केंद्र महावीर वेयरहाउस, सवाल खेड़ा का निरीक्षण कर उपार्जन व्यवस्थाओं का जायजा लिया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बुधवार को सिवनी मालवा विकासखंड अंतर्गत गेहूं उपार्जन केंद्र महावीर वेयरहाउस, सवाल खेड़ा का निरीक्षण कर उपार्जन व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अब तक उपार्जित स्कंध की जानकारी लेते हुए केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि किसानों द्वारा लाए जा रहे माल की तुलाई शीघ्रता से सुनिश्चित की जाए, ताकि खरीदी कार्य सुचारू रूप से चलता रहे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर मिश्रा ने केंद्र पर उपस्थित किसानों एवं हम्मालों से चर्चा कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि छोटे किसानों की उपज को प्राथमिकता से तौला जाए, जिससे उन्हें अनावश्यक वाहन किराया न देना पड़े। साथ ही केंद्र पर पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

गर्मी के मौसम को देखते हुए कलेक्टर ने प्रातः जल्दी तुलाई प्रारंभ करने तथा तुलाई के लिए छांव की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के त्वरित निर्णयों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए हम्मालों ने तालियां बजाकर उनका अभिवादन किया। साथ ही हम्मालों के लिए चाय एवं हल्के नाश्ते की व्यवस्था संबंधित ठेकेदार द्वारा कराने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन के दिशा-निर्देशानुसार केवल एफएक्यू गुणवत्ता वाले स्कंध का ही उपार्जन किया जाए तथा गुणवत्ता सुधार हेतु पंखा एवं छन्ना का उपयोग किया जाए। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि जिन किसानों का आज नंबर है और जिनका माल केंद्र पर डंप हो चुका है, उनकी खरीदी आज ही पूर्ण कराई जाए।

इसके पश्चात कलेक्टर ने मंडी स्तरीय चना उपार्जन केंद्र डोलरिया का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खराब पाए गए स्कंध को तत्काल साफ कर बदलने के निर्देश दिए। किसानों द्वारा केवाईसी में आधार सत्यापन संबंधी तकनीकी समस्याओं की जानकारी देने पर कलेक्टर ने संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को गांवों में शिविर आयोजित कर समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने निर्देशित किया कि फिंगरप्रिंट के स्थान पर आंखों की पुतली (आईरिस) के माध्यम से सत्यापन की व्यवस्था की जाए। साथ ही उपसंचालक कृषि एवं संबंधित अधिकारियों को ई-गवर्नेंस विभाग से समन्वय स्थापित कर तकनीकी समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन, उपसंचालक कृषि रविकांत सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिले में ई-विकास पोर्टल नियम तोड़ने पर 10 लाइसेंस निलंबित

म.प्र. शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों के बाद भी ई-विकास पोर्टल से उर्वरक विक्रय न करने वाले व्यापारियों पर जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास नर्मदापुरम ने बताया कि जिले के सभी उर्वरक विक्रेताओं को ई-विकास पोर्टल के माध्यम से ही उर्वरक विक्रय करने के निर्देश दिए गए थे। 07 अप्रैल 2026 को 06 उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित किए गए।

## नपा द्वारा 5.23 करोड़ की राशि के कार्यों का भूमि पूजन संपन्न

**सांसद व विधायक ने किया लोकार्पण**



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नरपालिका परिषद द्वारा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ सीतासरन शर्मा के विजन डाक्यूमेंट के तहत नगर के वार्डों में 5 करोड़ 23 लाख की लागत से होने वाले विकास कार्यों का भूमि पूजन किया गया। साथ ही 4 करोड़ 39 लाख रुपए की राशि के विकास कार्यों का लोकार्पण अतिथिगणों द्वारा किया गया। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा भूमि पूजन और लोकार्पण कार्यक्रम की राशि की विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा स्वागत भाषण वार्ड पार्षद रिचा जीतू तिवारी द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का संचालन अनुराग तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, तैराकी संघ के प्रदेशाध्यक्ष पं. पीयूष शर्मा और नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया गया।

कार्यक्रम में आभार नपा उपाध्यक्ष अभय वर्मा ने माना। विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारीगण, पार्षदगण सभापतिगण और नगर के नागरिक उपस्थित थे। अतिथिगणों द्वारा नागरिकों द्वारा 51 किलो की पुष्पमाला से अभिनंदन स्वागत किया गया। कार्यक्रम प्रभारी उपयंत्री दीक्षा तिवारी ने बताया कि इस अवसर पर डॉग स्केचर वाहन का भी लोकार्पण किया गया।

### धरा चाचोड़िया ने 90% अंक प्राप्त कर सफलता पाई

माखन नगर एमपी बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट माखन नगर आवास कॉलोनी की कक्षा 12वीं की छात्रा धरा चाचौड़िया पिता राजकुमार चाचोडिया ने 500 में से446 अंक प्राप्त किए हैं धरा ने 90% अंक लाकर परिवार का गौरव बढ़ाया है धारा की उपलब्धि पर परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाए दी है।

## सांदीपनि के परीक्षा परिणाम घोषित, 10वीं का 98 प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

शासकीय सांदीपनि विद्यालय का हायर सेकेंडरी एवं हाई स्कूल के रिजल्ट आया है पिछले वर्ष की तुलना में सुधार हुआ है शिक्षा सत्र 25 ,/26 का 12वीं का 91% एवं दसवीं का 98% रिजल्ट रहा है।

प्राचार्य केके दुबे ने बताया हायर सेकेंडरी स्कूल में कल 145 विद्यार्थियों में परीक्षा की जिसमें से 111 प्रथम 20 द्वितीय एवं एक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है 13 विद्यार्थी फेल हो गए। वही दसवीं में कुल 57 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी उसमें से 56 पास हुए हैं 50 प्रथम 6 द्वितीय एवं एक विद्यार्थी फेल हुआ है।

12वीं के प्रियांशु पाल ने 500 में से 446 अंक प्राप्त किए हैं 89% अंक लाकर प्रथम डिविजन पास हुआ है।

दसवीं की छात्रा अमृता मेहरा ने 500 में से 445 अंक प्राप्त किए और स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है संस्था के प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है।

## सेन समाज ने मनाई सेन महाराज की 726 वीं जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



भारतीय सेन समाज संगठन द्वारा संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज की 726 वी जयंती सरला मांगलिक भवन में धूमधाम से मनाई गई। सैकड़ो की संख्या में जयंती समारोह के अवसर पर समाज के महिला पुरुष एवं युवा वर्ग उपस्थित थे।

आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि डॉ सीतासरन शर्मा ने कहा कि सेन समाज राष्ट्र का जीवंत समाज है। सुख-दुख के हर कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नई पीढ़ी के युवा अब पुश्तेनी कार्य छोड़ कर अलग-अलग क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहे हैं। उन्होंने संत शिरोमणि सेन जी महाराज के नाम पर चौराहे का नामकरण किए जाने के लिए भी सहमति दी। डॉ शर्मा ने सेन जयंती की सभी सामाजिक बन्धु बहनों को बधाई दी।

समारोह की अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चोरे ने सेन जयंती की सभी को बधाई दी और कहा कि संत शिरोमणि सेन जी महाराज के नाम पर नगर पालिका परिषद चौराहे का नामकरण करने का प्रस्ताव परिषद की बैठक में लाएगी और सभी पार्षद सहमति देंगे तब उसके पश्चात नामकरण हो जाएगा। पूर्व अध्यक्ष राकेश सेन, आशीष सेन, डॉ कृष्णा सराठे एवं कार्यकारी अध्यक्ष धीरेंद्र सराठे सहित सामाजिक व्यक्तियों ने स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम तिवारी द्वारा किया गया। सभी उपस्थित सामाजिक बंधु बहनों ने सेन जी महाराज का भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सेन समाज के चुनाव संपन्न हुए जिसमें धीरेंद्र सराठे को अध्यक्ष एवं डॉ कृष्णा सराठे को उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

## बोर्ड परीक्षा में पिपरिया नगर की बेटियों ने मारी बाजी, आई अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

मध्य प्रदेश शासन द्वारा बोर्ड परिक्षा परिणाम घोषित किए गए। जिसमें पिपरिया नगर का नाम अनेक बेटियों के द्वारा रोशन किया गया है।इस बार वर्ष 2026मे बोर्ड परीक्षा कक्षा १०वी एवं १२वी में बेटियों ने टाप किया गया है। पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की एवं नगर से ब्राह्मण समाज की बिटिया नमामि पिता हरीबाबू बसेडिया ने मेथ साइंस में 95%अंक प्राप्त किए गए हैं। पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है।नगर के साथ साथ अपने विद्यालय शिक्षक शिक्षिकाओं तथा माता पिता का नाम रोशन किया गया है। नमामि ने अंक सूची के अनुसार सभी विषयों में डिसटेन प्राप्त किया गया है। अंग्रेजी में 97, हिंदी में 97,मेथस में 99 साइंस में 95तथा हिस्ट्री में 86नंबर 100अंको में से प्राप्त हुए हैं। बेटी को ब्राह्मण समाज सम्मानित करेंगे परशुराम जयंती पर तथा सभी के द्वारा बिटिया को शुभकामनाएं बधाई दी गई है।

## 38 लाख की लागत से निर्मित गो शाला का विधायक ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपिरया



जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिमारामे मध्य प्रदेश शासन द्वारा ग्राम पंचायत के माध्यम से लगभग 38 लाख रुपए की लागत से गौ शाला का निर्माण कार्य किया गया है। जिसका शुभारंभ किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक ठाकुरदास नागवंशी विशेष अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी पूर्व जिला अध्यक्ष माधव दास अग्रवाल जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल खापरखेड़ा सुलभ गोदानी सरपंच जनपद सदस्य कमला बाई रघुवंशी पुरषोत्तम रघुवंशी सुजीत रघुवंशी ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी राजा सहित अन्य सभी की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कार्यक्रम अध्यक्ष सरपंच राधेलाल रघुवंशी सचिव प्रकाश पटेल रोजगार सहायक ब्रजेश कुमार । गो पूजा अर्चना कर रहा घांस खिलाया गया। हजारों लोगों की उपस्थिति रही।मंच संचालन पुरषोत्तम रघुवंशी ने किया।

### लगातार बिजली कटौती से परेशान किसान पहुंचे बिजली कंपनी कार्यालय

**सोहागपुर।** सोहागपुर के ग्रामीण क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती एवं घंटों की ट्रिपिंग से किसान परेशान हैं। परेशान किसान बुधवार को सोहागपुर विधानसभा मुख्यालय स्थित बिजली कंपनी कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने अधिकारियों से समस्या निराकरण की मांग की है।

## इटारसी के जनता मार्केट सहित कई क्षेत्रों में चलाया गया अतिक्रमण अभियान

**नगर पालिक ने की कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नगर पालिका के अतिक्रमण विरोधी दल ने बुधवार को शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के उद्देश्य से जनता मार्केट, बस स्टैंड, चावल लाइन और नीमवाड़ा जैसे व्यस्त क्षेत्रों में बड़ी कार्यवाही की। इस अभियान के तहत सड़क और सार्वजनिक फुटपाथों पर अवैध रूप से रखे गए व्यापारियों के सामान और बोर्डों को हटाया गया। ज्ञात हो कि हरिभूमि की पहल पर नपा द्वारा शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए निरंतर कार्यवाही की जा रही है। बुधवार को तीसरे दिन भी कार्रवाई जारी रही।

प्रशासन की इस अचानक हुई कार्यवाही से पूरे बाजार क्षेत्र में हड़कंप मच गया और नगर पालिका ने स्पष्ट किया कि सड़कों को अवरुद्ध करने वाले किसी भी अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

कार्यवाही के दौरान कुछ स्थानों पर दुकानदारों और नगर पालिका की टीम के बीच बहस और तीखी नोकझोंक की स्थिति भी बनी। हालांकि, अधिकारियों ने मौके पर ही व्यापारियों को समझाइश देकर शांत कराया और नियमानुसार जब्ती की प्रक्रिया जारी रखी। अभियान के अंत में नगर पालिका प्रशासन ने सभी नागरिकों और व्यापारियों से अपील की है कि वे निर्धारित नियमों का पालन करें और सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करें, ताकि शहर की व्यवस्था सुचारू बनी रहे।


## एसटीआर में गर्मी का असर, घने जंगलों से निकलकर ठंडे स्थानों में पहुंचे वन्य प्राणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में गर्मी का असर है एवं वन्यजीव ठंडे स्थान तलाशते देखे जा रहे हैं। वनराज बाघ को देखने के लिए पर्यटकों को तराई वाले एवं ऊंची घास वाले क्षेत्रों में जाना पड़ रहा है। जहां वनराज आराम फरमाते देखे जा रहे हैं।

### बफर जोन में एक तेंदुआ ठंडी जगह की तलाश करता आया नजर

तीखी गर्मी का असर ना सिर्फ बाघ पर पड़ रहा है। बल्कि तेंदुआ तथा भालू सहित शाकाहारी वन्यजीव भी गर्मी से बचने के लिए



ठंडे क्षेत्रों में पहुंच रहे हैं। बुधवार सुबह की सफारी दौरान एक



तेंदुआ बफर जोन क्षेत्र में ठंडी जगह की तलाश में भटकता नजर आया।

## विभिन्न जाति संगठनों ने लिया सामाजिक समरसता का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में नगर के सरस्वती विद्या मंदिर में 'सामाजिक सद्भाव बैठक' का आयोजन किया गया। इस बैठक में समाज की विभिन्न जातियों और संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया, जहां जातिगत भेदभाव को मिटाकर एकजुट होने पर बल दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, विभाग प्रचार प्रमुख संतोष नौरिया ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि जब हमारे पुराणों, ग्रंथों और संस्कृति में भेदभाव नहीं है, तो हमें जाति व्यवस्था के अहंकार में नहीं उलझना चाहिए। नगर सद्भाव कार्यक्रम प्रमुख नारायण सोनी के साथ मंच साझा करते हुए वक्ताओं ने 'निर्दोष' और 'जागृत' समाज की आवश्यकता पर जोर दिया एवं सभी समाज प्रमुखों ने सामाजिक एकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

**मप्र जन अभियान परिषद का आयोजन**

## ग्राम अजेरा में किया गया नर्मदा सेवकों का सम्मान नर्मदा को स्वच्छ रखने किया जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर ब्लॉक के ग्राम अजेरा में गत दिवस ग्रापं व ग्राम समिति द्वारा सेक्टर स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान कार्य किया गया। मप्र जन अभियान परिषद से प्रेरित इस कार्यक्रम में नर्मदा सेवकों, गौ सेवकों, ग्रापं की प्रभात फेरी समिति के सदस्यों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में अतिथि रूप में आध्यात्मिक संत पं. प्रकाश मनमोहन मुदगल, सोहागपुर जपं अध्यक्ष जालम सिंह पटेल, उपाध्यक्ष राघवेंद्र रघुवंशी, महंत श्री आत्यानन्द गिरि सहित अन्य नर्मदा प्रेमी सज्जन उपस्थित थे। मप्र जन अभियान परिषद के अंतर्गत रूप सिंह केवट एवं टीम के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में जल गंगा संवर्धन के महत्व को सभी वक्ताओं ने उपस्थितजनों के समक्ष व्यक्त किया। पंडित प्रकाश मुदगल ने पांच तत्वों के महत्व को बताते हुए उपस्थित जन समुदाय को जल बचाने और नर्मदा जी की स्वच्छता बनाये रखने की अपील की। उन्होंने जैविक खेती अपनाने तथा जल स्त्रोतों की स्वच्छता की भी अपील की। जनपद अध्यक्ष जालम सिंह पटेल ने शासन की योजनाओं और सरकार के जल गंगा संवर्धन के उद्देश्यों बावत जानकारी दी।

इस दौरान पंचायत अजेरा में एक जैव विविधता समिति का गठन भी किया गया जो पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करेगी। इस दौरान मथुरादास त्यागी, प्रहलाद दास महाराज, संतोष मौर्य,सचिन केवट, मनू माझी, नवीन बोड़खे, मां शक्ति नारी प्रगति मंच शोभापुर अध्यक्ष सरला साहू, साक्षी व्यास, किशोर कड़ोले, जीएस ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## नवांकुर संस्था ने मनाई डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की नवांकुर संस्था एक्सीलेंस आर्यंस सेवा समिति ने सेक्टर बैठक आयोजित की और डॉ अंबेडकर के चित्र पर माल्यापर्ण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सुरेश यादव व अतिथि मनीष चतुर्वेदी ने इस अवसर पर अपने वक्तव्य दिये। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने मुख्य रूप से दलितों के उत्थान, सामाजिक न्याय, और समानता के लिए के लिए समाज में कार्य किया है, उन्होंने समान शिक्षा, सामाजिक और आर्थिक अधिकारों की वकालत की। उनके समर्पण एवं समाज सुधार के लिये आज अंबेडकरजी को याद किया जाता है, भारत के ऐसे महान व्यक्ति को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है, हमें अंबेडकरजी के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज के विकास के लिए के लिए कार्य करना चाहिए ।

## खबर संक्षेप




### वाहन चोरी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**रहटगांव।** थाना रहटगांव क्षेत्र में चोरी की वारदात पर अंकुश लगाने के लिये थाना प्रभारी मनोज कुमार दुबे के द्वारा टीम बनाकर थाने के प्रकरण में चोरी गये दो वाहनों को जप्त किया गया। थाना रहटगांव की टीम के द्वारा मुखवीर की सूचना पर आरोपी ओमप्रकाश काजले पिता लक्ष्मीनारायण काजले उम्र 19 साल के कब्जे से थाना रहटगांव की चोरी गये वाहन को जप्त किया। जो अपराध कमांक 87/26 धारा 303(2),331 (2) बी.एन.एस. में चोरी गई मोटर सायकल एच.एफ. डिलक्स एमपी47जेडएफ2413 को जप्त किया। साथ ही पूछताछ में थाना रहटगांव के अपराध क्रमांक 07/26 धारा 303(2) बी.एन.एस. में प्लेटीना एमपी47म12939 को जप्त किया कुल मशरूका । लाख 50 हजार का मशरूका जप्त किया।

### लापरवाही पर नोटिस, कलेक्टर ने मांगा स्पष्टीकरण

**हरदा।** जिले में समाधान एक दिवस-तत्काल सेवा के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने सख्ती दिखाते हुए लापरवाही बरतने वाले अधिकारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। जारी नोटिस के अनुसार एकीकृत बाल विकास, खिरकिया की प्रभारी परियोजना अधिकारी सरिता मासरे को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा है कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 के तहत निर्धारित सेवाओं का समय-सीमा में निराकरण अनिवार्य है। इसके बावजूद 9 अप्रैल 2026 को लोक सेवा केंद्र खिरकिया में निर्धारित ड्यूटी के दौरान अनुपस्थित रहने तथा आवेदकों को सेवाएं समय पर उपलब्ध न कराने की शिकायत प्राप्त हुई है। कलेक्टर ने अपने आदेश में उल्लेख किया है कि समाधान एक दिवस-तत्काल सेवा के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण नहीं किया जाना अधिनियम का उल्लंघन है। इस लापरवाही के चलते आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ा। नोटिस में संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि वे दो दिवस के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि निर्धारित समयावधि में संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं होता है, तो उनके विरुद्ध एक दिवस का वेतन काटने सहित अन्य अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### दिव्यांगों को वितरित किए जाएंगे सहायक उपकरण

**सीहोर।** सामाजिक न्याय विभाग द्वारा जिले के सभी नगरीय निकायों में एडिप योजना के अंतर्गत दिनांकवार ऑन द स्पॉट चिन्हांकन एवं सहायक उपकरण वितरण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों में ऑन द स्पॉट चिन्हांकन कर पात्र दिव्यांगजनों को कैलिपर्स एवं कृत्रिम हाथ-पैर सामग्री निशुल्क वितरित की जाएगी।

## कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित

# जिले के दो विद्यार्थियों ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाकर नाम रोशन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल ने बुधवार को कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित किए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने परिणाम जारी किए। इस वर्ष हरदा जिले के दो विद्यार्थियों ने प्रदेश की प्रावीण्य (मेरिट) सूची में स्थान बनाकर जिले का नाम रोशन किया है। जिले में इस बार 10वीं का उत्तीर्ण प्रतिशत 71.46 और 12वीं का 79.67 प्रतिशत रहा है। कक्षा 12वीं के कॉमर्स संकाय में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, टिमरनी के छात्र जय राठौड़ ने 500 में से 481 अंक प्राप्त कर प्रदेश में 10वां स्थान हासिल किया है। उनके पिता हुकुमचंद राठौड़ गोल्ड लोन कंपनी में सुरक्षा गार्ड हैं और प्रतिदिन टिमरनी से हरदा आते-जाते हैं। परिणाम घोषित होने के समय जय के पिता पेट दर्द के चलते हरदा के जिला अस्पताल में भर्ती थे। सोनोग्राफी के लिए लाइन में खड़े रहने के दौरान ही उन्हें बेटे के मेरिट में आने की सूचना मिली। इस खबर से भावुक होकर उन्होंने अस्पताल में ही मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। जय ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, बड़े भाई और अपने शिक्षक अभिनव सर को दिया। उनका लक्ष्य आगे चलकर एक सफल व्यवसायी बनना है। महर्षि ज्ञानपीठ, हरदा की छात्रा सिमरन यादव ने कक्षा 12वीं (कला संकाय) में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनके पिता का नाम राजेश यादव है।





### जिले का परीक्षा परिणाम ऐसा रहा

जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी के अनुसार, हाईस्कूल परीक्षा में 5669 नियमित और 648 स्वाध्यायी विद्यार्थी शामिल हुए थे। इनमें से 4007 नियमित और 78 स्वाध्यायी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। नियमित परीक्षार्थियों का पास प्रतिशत 70.68 और स्वाध्यायी का 12.04 प्रतिशत रहा। हायर सेकेंडरी परीक्षा में 3974 नियमित और 607 स्वाध्यायी परीक्षार्थी शामिल हुए, जिनमें से 3166 नियमित और 163 स्वाध्यायी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। यहां नियमित परीक्षार्थियों का पास प्रतिशत 79.67 और स्वाध्यायी का 26.85 प्रतिशत रहा। परीक्षाएं जिले के 33 केंद्रों पर आयोजित की गई थीं, जिनमें कुल 9643 नियमित और 1255 स्वाध्यायी परीक्षार्थी शामिल हुए थे। श्री रघुवंशी ने बताया कि इस वर्ष हाई व हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा को सम्पन्न कराने के लिये नियमित एवं स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिये जिला हरदा में कुल 33 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षायें आयोजित की गई थी। हाई व हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में इस वर्ष नियमित परीक्षार्थियों के रूप में 9643 परीक्षार्थी तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के रूप में 1255 परीक्षार्थी शामिल हुये।

### 10वीं में थलवंदना मल्हारे का प्रदेश में 9वां स्थान

कक्षा 10वीं में गौरव विद्या निकेतन हायर सेकंडरी स्कूल, रहटगांव की छात्रा थलवंदना मल्हारे ने 500 में से 491 अंक प्राप्त कर प्रदेश में 9वां स्थान हासिल किया है। उनके पिता का नाम रामस्वरूप मल्हारे है। थलवंदना ने बताया कि उन्होंने रोजाना 4 से 5 घंटे पढ़ाई की और मोबाइल से दूरी बनाए रखी। उनका लक्ष्य आईपीएस बनना है। तक्षशिला एकेडमी, हरदा की छात्रा तन्वी शर्मा ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर 10वीं की जिला प्रावीण्य सूची में द्वितीय स्थान हासिल किया है। इसी के साथ महर्षि ज्ञानपीठ की छात्रा सिमरन यादव ने जिले की मेरिट सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कक्षा 12वीं (आर्ट्स संकाय) में विद्यालय की छात्रा सिमरन यादव ने जिले की मेरिट सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## पुलिस बोली सीसीटीवी से मिलेगा सुराग

# संदिग्ध परिस्थिति में मौत, परिजनों ने हत्या की आशंका जताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रन्हाईकला में बीती मंगलवार रात खेत पर पानी देने गए एक मजदूर विश्राम गठिया का शव 1 घंटे बाद संदिग्ध परिस्थितियों में खेत के गेट पर मिला है। मृतक के सिर और मुंह पर चोट के निशान मिले हैं, जिसे लेकर उसके बेटे ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने एक्सीडेंट की सूचना पर मर्ग कायम कर बुधवार सुबह शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है और सीसीटीवी फुटेज खंगालकर मामले की जांच कर रही है। ग्राम रन्हाईकला निवासी मजदूर विश्राम गठिया मंगलवार रात करीब 10 बजे किसान मुकेश दोगने के खेत पर पानी देने गया था। लगभग एक घंटे बाद, रात करीब 11 बजे उसका शव किसान के खेत के गेट के पास पड़ा मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना मृतक के बड़े बेटे कन्हैया को दी। मौके पर पहुंचने पर कन्हैया ने देखा कि उसके पिता के सिर और मुंह पर चोट के निशान थे और खून बह रहा था। इसके बाद उसने तत्काल परिजनों और पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और जांच शुरू की। मृतक के बेटे ने अपने पिता की हत्या की आशंका जताई।

बताया गया है कि मृतक विश्राम घर में अकेला कमाने वाला था। उसकी पत्नी दिव्यांग है और उसके दो बेटे (जिनकी उम्र 18 और 14 साल है) तथा एक बूढ़ी मां हैं। जांच अधिकारी एसआई सोहनसिंह राजपूत ने बताया कि, ₹ग्राम रन्हाईकला में एक व्यक्ति की एक्सीडेंट से मौत होने की सूचना मिली थी।₹ पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। बुधवार सुबह जिला अस्पताल में मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस अब घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर साक्ष्य जुटा रही है।

*मंगलवार रात खेत पर पानी देने गए मजदूर विश्राम गठिया का शव 1 घंटे बाद खेत के गेट पर मिला था*

## शादी की खरीदारी कर लौट रहे थे, बेटे की 4 दिन बाद शादी थी

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटे की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



जिले के हंडिया थाना क्षेत्र में ग्राम मांगरूल नाके के पास मंगलवार रात शादी की खरीदारी कर लौट रहे बाइक सवार मां-बेटे की ट्रैक्टर-ट्रॉली से टक्कर में मौत हो गई। हादसे में उनके साथ मौजूद 12 वर्षीय भांजा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान ग्राम ऊंचांन निवासी अभिषेक कीर (21) और उनकी मां नर्मदी बाई (45) के रूप में हुई। अभिषेक की 19 अप्रैल को बारात जानी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल की मॉर्चुरी में रखवा दिया। घायल भांजे को भोपाल रेफर करने की सलाह दी गई। जानकारी के अनुसार, ग्राम ऊंचांन निवासी अभिषेक अपनी मां नर्मदी बाई और 12 वर्षीय भांजे शुभम कीर के साथ शादी की खरीदारी करने हरदा गए थे। मंगलवार रात सवा आठ बजे तीनों बाइक से गांव लौट रहे थे। ग्राम मांगरूल नाके पर वन विभाग चौकी के पास पाइप खाली कर हंडिया जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से बाइक टकरा गई। टक्कर में नर्मदी बाई और अभिषेक के सिर में गंभीर चोटें आईं और उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। भांजे शुभम की नाक में गंभीर चोट आई। हादसे के बाद तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंडिया ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मां-बेटे को मृत घोषित कर दिया। बड़े भाई भगवानसिंह कीर ने बताया कि अभिषेक की 19 अप्रैल को ग्राम गडरापुर में बारात जानी थी। 17-18 शादी के कार्यक्रम थे। अभिषेक दो भाइयों में छोटा था और उसकी तीन बहनें हैं। उसके पिता कुछ सालों से मानसिक रूप से बीमार हैं । उन्हें सुनाई भी नहीं देता।

## मरणोपरांत देहदान करने की घोषणा की थी, अंतिम यात्रा का अवसर

# देहदान करने वाली बुजुर्ग महिला को पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा




जिले के ग्राम गहाल में 78 वर्षीय रामकुंवर बाई का मंगलवार को निधन हो गया। उन्होंने जीवित रहते ही मरणोपरांत देहदान करने की घोषणा की थी। उनके निधन के बाद परिवार ने देहदान की प्रक्रिया पूरी की। अंतिम यात्रा से पहले उन्हें पुलिस द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। रामकुंवर बाई के बेटों, वरिष्ठ समाजसेवी अशोक खोदरे और बद्री प्रसाद खोदरे ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को इसकी सूचना दी। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देश पर जिला चिकित्सा अधिकारी एचपी सिंह और ग्राम पुकार फेडरेशन के उपाध्यक्ष मनोज बागरे के प्रयासों से डॉक्टरों की एक टीम गांव पहुंची। इसके बाद परिवार द्वारा देहदान की प्रक्रिया कराई गई। मंगलवार दोपहर 2 बजे गृह ग्राम गहाल में देहदान और अंतिम दर्शन का कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन के अधिकारियों, हजारों गणमान्य नागरिकों और रिश्तेदारों के साथ क्षेत्रीय विधायक आरके दोगने भी उपस्थित रहे। सभी ने अंतिम यात्रा में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। रामकुंवर बाई अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। हालांकि, मृत्यु के बाद देहदान कर उन्होंने कई लोगों के जीवन में योगदान दिया। उनका पार्थिव शरीर भोपाल स्थित एम्स अस्पताल पहुंचाया गया है, जहां इसका उपयोग चिकित्सा अध्ययन कर रहे छात्रों के लिए किया जाएगा। हृदय, लिवर और किडनी जैसे अंगों का दान तथा देहदान करने वाले परिवारों को हर साल 26 जनवरी और 15 अगस्त को जिला स्तरीय कार्यक्रमों में सम्मानित किया जाता है। साथ ही, इन दानदाताओं के परिवारों को आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड का लाभ भी मिलता है।

# मानव वन्य जीव संघर्ष नियंत्रण व वन सुरक्षा पर संगोष्ठी की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

वन परिक्षेत्र रहटगांव सामान्य अंतर्गत पर्यावरण केंद्र रहटगांव में मानव वन्य जीव द्वंद्व की घटनाओं के नियंत्रण के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वन परिक्षेत्र के अंतर्गत सभी ग्रामों से ग्रामवासी सुरक्षा श्रमिक जनप्रतिनिधि एवं स्टाफ मौजूद रहा। बैठक में उप वन मंडल अधिकारी उत्तर हरदा सामान्य कलीराम उइके द्वारा ग्रामीणों को ग्रीष्म ऋतु में महुआ तेंदूपत्ता एवं अन्य लघु वनोपज के संग्रहण दौरान वन क्षेत्र में जाने पर कभी-कभी उनका सामना अगर वन्य प्राणी बाघ ,तेंदुआ एवं वन्य जीव से हो जाता है। तो उन्हें क्या-क्या सावधानी रखनी है। इस संबंध में बताया है साथ ही वन्य जीव से होने वाली घटना में जनघायल,जनहानि पर शासन द्वारा जो राशि दी जाती है उसके संबंध में ही बताया गया।

वन परिक्षेत्र अधिकारी रहटगांव सामान्य पी एल धुर्वे द्वारा वन क्षेत्र में वनों में वनोपज संग्रहण करने समूह बनाकर प्रवेश करने एवं साथ में आवश्यक सामग्री जैसे डंडा मोबाइल टॉर्च पानी आदि साथ में रखने हेतु बतलाया गया। साथ ही अंधेरे में जंगल में प्रवेश न करने हेतु कहां गया साथ ही वर्तमान में फायर सीजन चल रहा ह। अतः सभी ग्राम वासियों को अपने वन क्षेत्र में अग्नि घटना के दौरान मौके पर जाकर अग्नि को बुझाने में अपना सहयोग देने हेतु कहा गया। बैठक में वन परिक्षेत्र रहटगांव के सभी कर्मचारी अधिकारी एवं अन्य गांव से आए सभी ग्रामवासी सुरक्षा श्रमिक उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने अनाज उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

समर्थन मूल्य पर फसल उपार्जन की प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से बुधवार को खिरकिया एसडीएम शिवांगी बघेल ने क्षेत्र के विभिन्न उपार्जन केंद्रों का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान एसडीएम ने उपार्जन केंद्रों पर अनाज की तुलाई, गुणवत्ता परीक्षण और भंडारण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने केंद्र प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए कि किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

## धूमधाम से मनाई गई डॉक्टर भीमराव बाबा साहब आंबेडकर की जयंती



**सीहोर।** भारत रत्न डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की 135 भी पुण्यतिथि बड़ी धूमधाम से वार्ड क्रमांक 11 अंबेडकर पार्क में बनाई गई इस उपलक्ष में सभी सामाजिक बंधु व राजनीतिक दलों पर चढ़कर हिस्सा लिया बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संगठित रहने का और शिक्षित रहने का संदेश दिया। इस उपलक्ष में सीहोर जाटव समाज कल्याण संगठन की ओर से नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर जी को टाउन हॉल समीप स्थित बाबा साहब भीमराव आंबेडकर उप वन में बाबा साहब की प्रतिमा लगाने के लिए मांग पत्र सौंपा गया।

इस अवसर पर सीहोर जाटव समाज कल्याण संगठन के अध्यक्ष मनोज फ़रेला, पूर्व पार्षद नरेंद्र खंगराले, जिला पंचायत सदस्य सुनील फरेला, सनी जाटव, नरेंद्र बनवाया, अभय अहिरवार, राहुल जाटव, उमेश मंगरोलिया, कपिल पुरवइया, सचिन महोबिया, रुपेश हेमंत, कमल किशोर जाटव आदि मौजूद रहे।

## बुनियादी-शिक्षा बदहाल-स्थिति में, व्यवस्थाओं पर नियंत्रण नहीं

# शिक्षा को लेकर नौनिहालों का भविष्य अंधकार में, गुणवत्ता सुधारने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या




इस आदिवासी अंचल में "बुनियादी-शिक्षा" पर नियंत्रण के अभाव में "शिक्षा-व्यवस्थाएं" निरंतर बदहाल-स्थिति में पहुंच रही है। जबकि जनपद शिक्षा केंद्र के जिम्मेदार "ऊंट पर बैठकर बकरी चराने की कहावत चरितार्थ कर रहें हैं। वहीं शैक्षणिक-संस्थाओं के अधिकांश शिक्षक एवं जनशिक्षक विवाह-कार्यक्रमों में व्यस्त हैं। फलस्वरूप छात्र-छात्राओं द्वारा उनका अनुसरण करने से स्कूलों में सन्नाटा है। जिससे शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव हो रहा है। पहाड़ी अंचल के ग्राम बिलखेड़ की शासकीय प्राथमिक स्कूल (अंतरसिंह फाल्या) और शासकीय माध्यमिक स्कूल में कमोबेश ऐसी ही स्थिति प्रकाश में आई है। जिसके अनुसार वहां सोमवार को एक कन्या-विवाह-कार्यक्रम का आयोजन था और दोनों ही शैक्षणिक-संस्थाओं से 325 छात्र-छात्राएं और प्रधान पाठक सहित 5 शिक्षक-शिक्षिकाएं नदारद थे। यह जानकारी वहां उपस्थित तीन शिक्षकों ने दी है। इन संस्थाओं में जनशिक्षक नहारसिंह माली और राजाराम सोलंकी प्रभार संभाल रहें हैं।

इस दौरान शासकीय प्राथमिक स्कूल अंतरसिंह फाल्या में एक दिव्यांग अतिथि शिक्षक सीताराम सोलंकी मौजूद थे,लेकिन सभी 34 विद्यार्थी उक्त विवाह कार्यक्रम में गए थे। उसने बताया कि वहां पदस्थ अतिथि शिक्षक कमल गंगराड़े अपने परिजन की विवाह-पत्रिकाएं बांटने गए हैं। जबकि प्राथमिक नानसिंह वास्कले को बोरवाल में जनशिक्षक का प्रभार सौंपा गया है। जबकि शासकीय माध्यमिक स्कूल में सहायक शिक्षक गोरेलाल वास्कले और अतिथि शिक्षिका रजनी राठौर ही उपस्थित थे। लेकिन 291 छात्र-छात्राएं और 5 शिक्षक-शिक्षिकाएं स्कूल से नदारद थे। उन्होंने भी छात्र-छात्राओं के कन्या-विवाह में जाने की जानकारी दी। लेकिन वे शिक्षकों को लेकर संतोषजनक जबाब नहीं दे पा रहे थे। इनमें प्रधान पाठक विनोद राणे,सहायक शिक्षक राजाराम मंडलोई और अतिथि शिक्षकों में पल्लवी सेन एवं मंजू जमरे हैं,जो स्कूल से नदारद थे। जबकि यहां पदस्थ प्राथमिक शिक्षक राजाराम सोलंकी जनशिक्षक (पाडल्या) के प्रभारी हैं।

### जनशिक्षक-प्रभार से बिगड़े हालात

जिला शिक्षा केंद्र खरगोन ने स्थानीय जन शिक्षा केंद्र के अनुरोध पर 24 प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों को जनशिक्षकों का प्रभार और प्रतिनियुक्ति देने से हालात बिगड़ रहे हैं। इन जनशिक्षकों में सुरेश मंडलोई, हुकुमचंद पाटोदे (उत्कृष्ट उ.मा.वि. क्र.1 झिरन्या), दिलीप मालवीय, रामेश्वर मुजाल्दे (उत्कृष्ट उ.मा.वि.क्र.2 झिरन्या), सोहन डावर, कैलाश चौहान (कन्या उ.मा.वि.क्र.1झिरन्या), विक्रम डावर, मनीष सोनी (कन्या उ.मा.वि.क्र.2 झिरन्या), नहारसिंह माली, राजाराम सोलंकी (उ.मा.वि.पाडल्या), भीम खेरदे, पीयूष गंगराड़े (उ.मा.वि.मिटावल), शेरसिंह मोरे, छोगालाल डावर (उ.मा.वि.चिरिया), रुमसिंह जाधव, प्रभुदयाल मंडलोई (उ.मा.वि. हेलापडावा), मदन जाधव, महेंद्रसिंह रावत (उ.मा.वि.कोटबेड़ा), कुशल मंडलोई, दिनेश ठाकुर (उ.मा.वि.शिवना), नरेन्द्र गौड एवं रूपसिंह तंवर (हाई स्कूल राजपुरा), विक्रम डाबर (चैनपुर), प्रदीप बघेल, नानसिह वास्कले (हाई स्कूल बोरवाल) हैं। इस जनशिक्षकों को अपनी मूल संस्थाओं में अध्यापन कार्य कराने और अतिरिक्त-प्रभार संभालने के निर्देश हैं। इसलिए उनके द्वारा स्कूलों में लिए गए पीरियड और उनकी गतिविधियों की उच्च स्तरीय जांच से सम्पूर्ण-स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।ऐसा,नौनिहालों की शिक्षा में गुणवत्ता-वृद्धि के लिए आवश्यक है।

### इनका कहना है

वे शैक्षणिक-व्यवस्थाओं में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे और स्कूलों में अध्यापन एवं शिक्षा की गुणवत्ता परखेंगे। उक्त दोनों स्कूलों के अनुपस्थित शिक्षकों और जिम्मेदारों के विरुद्ध जांच और कड़ी कार्रवाई करेंगे।

**खेमराज सेन डीपीसी जिला शिक्षा केंद्र, खरगोन**